उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
14 - अशोक मार्ग शक्ति भवन, लखनऊ
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**

**संख्या : 2721–अधि0प्रब0–03/पाकालि/11–3(4)ई0एम0–03/विविध/09 दिनांक : 24 अगस्त,11**

1. प्रबन्ध निदेशक,
   पूर्वांचल/पश्चिमांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
   वाराणसी/मेरठ/लखनऊ/आगरा।
2. प्रबन्ध निदेशक, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी, कानपुर।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
4. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।

विषय :– <u>कार्मिकों द्वारा प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से चल/अचल सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत किये जाने के संबंध में।</u>

महोदय

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0–96–विनियम एवं औस/पाकालि/10–6–विनियम/98, दिनॉक–20.08.2010 द्वारा उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956 (कारपोरेशन द्वारा अंगीकृत) के आंशिक संशोधन में यह प्राविधान किया गया है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कारपोरेशन लि0, तथा विद्युत वितरण निगमों के अधीन कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपनी (पति/पत्नी या नाबालिग बच्चों के नाम दर्ज सम्पत्ति सम्मिलित करते हुए) चल/अचल सम्पत्ति, उसके प्राप्त होने की तिथि, उसका माध्यम, अनुमानित लागत, आय का स्रोत आदि का विवरण अपनी प्रथम नियुक्ति एवं उसके पश्चात् प्रत्येक वर्ष (01, जनवरी से 30, जनवरी के बीच) अपने नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। परन्तु कारपोरेशन स्तर पर परिलक्षित किया गया है कि उक्त सम्पत्ति विवरण अधिकांश अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

इस संबंध में निर्देश दिये जाते हैं कि अपने नियंत्रणाधीन सभी कार्मिकों को कड़े निर्देश दे दें कि वे प्रत्येक दशा में अपनी चल/अचल सम्पत्ति संबंधी विवरण पत्र विलम्बतम् 30 सितम्बर,2011 तक कारपोरेशन मुख्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उनके विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम–24 (3) के प्राविधानों के उल्लंघन करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जायेगी जिसके वे स्वयं उत्तरदायी होगें। चल/अचल परिसम्पत्ति विवरण पत्र का प्रारूप उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के बेबसाइट से डाउन लोड किया जा सकता है। उपर्युक्त अधिकारीगण अपने अधीनस्थ कार्मिकों जिनका अधिष्ठान स्वयं उनके स्तर पर सम्पादित किया जा रहा हो का अनुश्रवण कड़ाई से सुनिश्चित करेगें।

भवदीय,

**(नवनीत सहगल)**
**अध्यक्ष सह प्रबन्धनिदेशक**

<u>संख्या– **2721–(1) अधि0प्रब0–03/पाकालि/11 तद्दिनांक**</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं तत्सम कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक (वितरण)/निदेशक (लेखा)/निदेशक (वाणिज्यिक), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
2. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–I) (स्तर–II), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
3. अध्यक्ष विद्युत सेवा आयोग लखनऊ/निदेशक विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
6. समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण, कारपोरेशन मुख्यालय, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता वेब, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, कमरा नं – 407, शक्ति भवन, लखनऊ।

**आज्ञा से,**

24/8/2011

(राकेश पुष्कर)
अपर सचिव